**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.** 1313

**28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## ऊन और ऊनी उत्पादों का थोक बिक्री मूल्य

**1313. श्री रितेश पाण्डेयः**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) गत पांच वर्षों से भारत में ऊन और ऊनी उत्पादों का कितना थोक बिक्री मूल्य रहा है;

(ख) क्या कीमतों में गिरावट हुई है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

**(क) से (ग):** चूंकि ऊन क्षेत्र मुख्यत: निजी क्षेत्र द्वारा प्रबंधित किया जाता है, इसलिए सरकार भारत में ऊन व ऊन उत्पादों के थोक मूल्य का रखरखाव नहीं करती है। तथापि, ऊन उत्पादक राज्यों में कच्ची ऊन के औसत मूल्य अनुबंध-I में दिए गए हैं। विविध प्रकार की ऊनों के मूल्य बाजार स्थिति के अनुसार भिन्न-भिन्न हैं। पिछले पांच वर्षों दौरान भागरा चोकला, चोकला ब्रीड, भागरा ब्रीड तथा क्रास ब्रीड के कच्ची ऊन के मूल्यों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया है। पश्मीना ऊन के मूल्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियंत्रित होते हैं तथा पिछले वर्ष से 2018-19 में आंशिक वृद्धि को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थितियों के कारण कम हुए हैं।

**<u>अनुबंध 'क'</u>**

**( रुपए प्रति किलोग्राम में दर)**

| कच्चे ऊन की स्थिति और गुणवत्ता | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|---|---|---|
| **एचपी (ऑटम क्लिप)** | | | | | |
| ऊन (व्हाइट क्रॉस ब्रीड) | 78 | 78 | 78 | 78 | 85.80 |
| ऊन (सफेद) | 61 | 65 | 65 | 65 | 65 |
| ऊन (काला) | 45 | 45 | 45 | 45 | 45 |
| | | | | | |
| **जम्मू और कश्मीर** | | | | | |
| ऊन | 82 | 78 | 80 | 80 | 82 |
| | | | | | |
| **लेह ( लद्दाख क्षेत्र)** | | | | | |
| पश्मीना ऊन | 3450 | 2350 | 2200 | 2200 | 2350 |
| | | | | | |
| **उत्तराखंड** | | | | | |
| रूसी मेरिनो | 110 | 110 | 110 | 110 | 110 |
| क्रॉस ब्रीड | 105 | 106 | 106 | 106 | 100 |
| स्थानीय ब्रीड | 105 | 105 | 95 | 90 | 90 |
| अंगोरा ऊन | 1500 | 1500 | 1500 | 1500 | 1500 |
| | | | | | |
| **महाराष्ट्र** | | | | | |
| ऊन (सफेद) | 30 से 40 | 35 से 38 | 33 | 35 | 35 |
| ऊन (काला) | 34 से 35 | 40 से 45 | 40 | 40 | 40 |
| | | | | | |
| **राजस्थान** | | | | | |
| मागरा चोकला | 203 | 235 | 171 | 175 | 170 |
| चोकला ब्रीड | 142 | 140 | 207 | 154 | 95 |
| मागरा ब्रीड | 183 | 175 | 177 | 128 | 125 |
| नालि ब्रीड | 90 | 130 | 168 | 125 | 100 |
| जैसलमेरी ब्रीड | 86 | 130 | 172 | 132 | 120 |
| मारवाड़ी ब्रीड | 67 | 60 | 75 | 68 | 68 |